सर्वेषां कृते संस्कृतं , संस्कृत भाषा नैव क्लिष्टा न च कठिना अर्थात् संस्कृत भाषा सभी लोगों के लिए है तथा यह कठिन भी नहीं है इसे ही ध्यान में रखते हुए माता सुंदरी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग तथा महाविद्यालय के आन्तरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन समिति (IQAC) द्वारा संस्कृत भारती दिल्ली प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में पन्द्रह दिवसीय दो घंटे की online संस्कृत सम्भाषण 30 घंटे की short term course का आयोजन

15 सितंबर से 29 सितंबर 2022 में किया गया।

संस्कृत विभाग के अतिरिक्त अन्य विभाग के छात्र छात्राएं ,शिक्षक एवं अभिभावकों ने भी भारत के विभिन्न भागों से इसमें भाग लिया ।

उद्घाटन समारोह में विषय का प्रवर्तन डॉ हर्षा कुमारी ने किया। IQAC के संयोजक डॉ लोकेश कुमार गुप्ता ने भी संस्कृत की बोलचाल की आवश्यकता पर जोर डाला। संस्कृत भारती दिल्ली प्रान्त के संगठन मंत्री विवेक कौशिक महोदय मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए तथा संस्कृत बोलचाल में कितनी सरल है इसे समझाया। कक्षा प्रशिक्षक डॉ सुमित कुमार शर्मा थे।

समापन समारोह में प्राचार्या महोदया ने संस्कृत भाषा के महत्व को बताया। प्रतिभागियों ने अपने अपने अनुभव का कथन भी संस्कृत में किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संस्कृत भारती दिल्ली प्रान्त के मंत्री डॉ देवकीनन्दन शर्मा थे। अंत में माता सुंदरी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ कुलदीप कुमार सहगल ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

Scanned by CamScanner